## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- अप्रैल माह से मिलेगा शिक्षामित्रों को अट्ठारह हजार और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये मासिक मानदेय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पर चर्चा के दौरान विधानसभा में की घोषणा।
- प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र का हुआ समापन। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा– बॉटम थ्री से देश के टॉप थ्री राज्यों में पहुंचा प्रदेश।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में आज गौतमबुद्धनगर के जेवर में रखी जायेगी उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव जेवर में रहेंगे मौजूद।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर आठ चरण के मुकाबले आज से होंगे शुरू।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में सेवारत शिक्षामित्रों को अट्ठारह हजार रूपये और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये मासिक मानदेय दिये जाने की घोषणा की है। कल विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में शिक्षामित्रों को तीन हजार रूपये मानदेय दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर दस हजार रूपये किया गया था। अब अप्रैल से शिक्षामित्रों को अट्ठारह हजार रूपये और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये दिये जायेंगे। बेसिक शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विकास फण्डों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नही हैं, वहां नये विद्यालय स्थापित किये जायेंगे। इसके लिये बजट में पांच सौ अस्सी करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

**********

प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन कल विधानसभा में बजट को ध्वनिमत से पारित किया गया। इसी के साथ सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दी गई। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में हुई चर्चा में बजट को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बॉटम थ्री राज्यों की श्रेणी से निकल कर देश के टॉप थ्री राज्यों में स्थान बनाया है।

***उत्तर प्रदेश की जो स्थिति उत्तर प्रदेश देश के अंदर बड़े राज्यों में अगर आप देखें तो बॉटम थ्री राज्यों में आता था जो सबसे नीचे के राज्यों में उत्तर प्रदेश की गिनती होती थी और बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश हो गए। लेकिन इन आठ साढ़े आठ नौ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के अंदर परिवर्तन आया है। बॉटम थ्री से टॉप थ्री राज्यों में उत्तर प्रदेश को पहुंचाने का काम इसी डबल इंजन सरकार ने किया है टॉप थ्री राज्यों में।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश के प्रति परसेप्शन में देश–विदेश में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, शुद्ध नीयत और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है।

***परसेप्शन चेंज हुआ है। हमारे उत्तर प्रदेश का नागरिक देश के अंदर और दुनिया के अंदर कहीं जाता है तो और आपसे सामने वाले का चेहरा चमकता है। अच्छा उत्तर प्रदेश से यह परसेप्शन यह जो परिवर्तन आया है सरकार की नीतियों के कारण स्पष्ट नीति और शुद्ध नियत के नाते यह परिवर्तन देखने को मिला है और उसी परिवर्तन का परिणाम है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने लीकेज रोके, भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया और वित्तीय अनुशासन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी को ट्रस्ट, टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन से नई पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री ने दो सप्ताह तक चले बजट सत्र के संचालन के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बेरोजगारी और महंगाई मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वॉक आउट किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज गौतमबुद्ध नगर के जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट.....

***यमुना सिटी में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। कंपनी को सेक्टर–28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इससे करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनी 2,40,000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इकाई के लगने से प्रदेश और देश की सेमीकंडक्टर के मामले में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्धनगर।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों और आपदा मित्रों को जीवन बीमा के तहत राशि प्रदान करेंगे। लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान बागपत, शामली, कासगंज और भदोही के उप निदेशक कृषि कार्यालय तथा मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं और लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो

का शिलान्यास भी किया जायेगा। कृषि निदेशक डॉक्टर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री, फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ सत्र दो हजार पच्चीस के लिये दो लाख इक्यावन हजार किसानों को दो सौ पचासी करोड़ रूपये क्षतिपूर्ति राशि वितरित करेंगे।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व, ग्राम विकास, न्याय और गृह विभाग के कार्यों की प्रगति, जनहित से जुड़े मामलों तथा आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकता जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की पहचान है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल मेरठ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इस दौरान श्री मोदी न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक पांच किलोमीटर के सेक्शन और मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक इक्कीस किलोमीटर के सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही संपूर्ण दिल्ली–गाज़ियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर जनता के लिए परिचालित हो जाएगा। प्रधानमंत्री मेरठ मेट्रो के बारह स्टेशनों के साथ इक्कीस किलोमीटर खंड का उद्घाटन कर मोहिउद्दीनपुर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी क्रम में कल एनसीआरटीसी की ओर से नमो भारत और मेरठ मेट्रो का सफल ट्रायल किया गया। उद्घाटन को लेकर मेरठ के सांसद अरुण गोविल ने कहा–

***नमो भारत का लोकार्पण होगा, उद्घाटन होगा। जिससे मेरठ के और उस सभी पश्चिम क्षेत्र के विकास में को बहुत गति मिलेगी। जिसके लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी जाने जाते हैं कि जिस रफ्तार से वह काम कर रहे हैं, जिस रफ्तार से वह देश के विकास में प्रगति आई है और जो उनका संकल्प लिया है उन्होंने, सभी देशवासियों ने भी वह संकल्प लिया है कि 2047 तक हमें हमारे देश को विकसित भारत बना दें। तो यह उसी की नींव है।***

**********

लखनऊ से चित्रकूट के हनुमानगंज तक के लिए कल से नई बस सेवा शुरू की गई। इस नई रोडवेज बस को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और प्राविधिक शिक्षा व उपभोक्ता मंत्री आशीष पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस लखनऊ से रायबरेली, ऊंचाहार, सिराथू और महाकवि तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर से होते हुए हनुमानगंज तक जाएगी।

**********

केन्द्र सरकार ने इस वर्ष पहली अप्रैल से पूरे देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर नकद भुगतान बंद करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य पूरी तरह से डिजिटल टोल प्रणाली बनाना और परिचालन दक्षता मजबूत करना है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा है कि सभी टोल भुगतान केवल फास्टैग और एकीकृत भुगतान प्रणाली– यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों से ही किए जाएंगे।

**********

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कल खादी भवन लखनऊ में सात दिवसीय लघु खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। खादी मंत्री ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को जन–जन तक पहुंचाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

**********

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।

**********

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज से सुपर आठ चरण के मुकाबले शुरू होंगे। पहले मैच में न्यूजीलैंण्ड और पाकिस्तान आमने–सामने होंगे। वहीं भारत, कल अपना पहला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले चार और पांच मार्च को खेले जाएंगे। फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा।

**********

कानपुर देहात जिले में शिवली थाना अन्तर्गत बैरी गांव के पास कल देर शाम अनियंत्रित कार के तालाब में गिर जाने से कार में सवार चार लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक और घायल एक ही परिवार के हैं।

**********